The


# ACHIEVERS IAS ACADEMY

LANGUAGE -HINDI

# CURRENT AFFAIRS BOOSTER

11 – 06 – 22

SATURDAY



### 1. जम्मू-कश्मीर में कल श्रीनगर के शेर-ए-कश्मीर अंतर्राष्ट्रीय सम्मेलन केंद्र में सूफी उत्सव का आयोजन किया गया।



केंद्र शासित प्रदेश जम्मू-कश्मीर में कल श्रीनगर के शेर-ए-कश्मीर अंतर्राष्ट्रीय सम्मेलन केंद्र में सूफी उत्सव का आयोजन किया गया। पर्यटन विभाग द्वारा आयोजित इस उत्सव का उद्देश्य कश्मीर घाटी के सूफी-संत और ऋषियों के संदेशों का प्रचार-प्रसार करना है।
संस्कृति विभाग, वक्फ बोर्ड, खादी और ग्रामोद्योग बोर्ड, संग्रहालय और अभिलेखागार तथा उच्च शिक्षा विभाग के समन्वय से आयोजित इस उत्सव का उद्घाटन उप राज्यपाल के सलाहकार आर.आर. भटनागर ने किया। श्री भटनागर ने कहा कि सूफीवाद अपने भीतर उतरने और अंतरात्मा को जानने-समझने का एक माध्यम है। हमारे सूफी संतों और ऋषियों ने हमें इस लक्ष्य तक पहुंचने का रास्ता दिखाया है।

### 2. वैश्विक सतत् विकास रिपोर्ट, 2022 में भारत रहा 121वें स्थान




2021 में भारत 163 देशों में 120वीं पायदान पर था1 इस साल एक पायदान गिरकर 121वीं पायदान पर है। 2020 में भारत की रैंकिंग 117 थी।
केंद्र की नरेंद्र मोदी सरकार विकास के दावे तो ताल ठोककर करती है, लेकिन असलियत यह है कि इस साल के केंद्रीय बजट से संयुक्त राष्ट्र संघ के अनिवार्य 17 सतत विकास लक्ष्य (SDG) ही गायब है।
नतीजा यह है कि भारत वैश्विक सतत विकास लक्ष्य 2022 (Global Sustainable Development Report, 2022) की रैंकिंग में लगातार दूसरे साल एक पायदान और फिसला है। इन लक्ष्यों को प्राप्त करने के लिए अभी 8 साल का समय बचा है, लेकिन 17 में से 11 लक्ष्यों में देश पिछड़ चुका है, जिससे पार पाना नामुमकिन सा लगता है।
सतत विकास लक्ष्यों को हासिल कर पाने में भारत के कमजोर प्रदर्शन का कारण 8 राज्य- बिहार, तेलंगाना, राजस्थान, उत्तरप्रदेश, आंध्रप्रदेश, पंजाब और झारखंड रहे हैं, जिनका ओवरऑल SDG स्कोर बहुत ही कम रहा है। 2021 में भारत 163 देशों में 120वीं पायदान पर था1 इस साल एक पायदान गिरकर 121वीं पायदान पर है। 2020 में भारत की रैंकिंग 117 थी। संयुक्त राष्ट्र संघ ने दुनिया के सभी सदस्य देशों के लिए 2030 तक 17 सतत विकास लक्ष्य तय किए हुए हैं। इन्हें हासिल करने का वादा भारत समेत सभी 163 राष्ट्रों ने किया है। लेकिन भारत इनमें से 11 लक्ष्यों में काफी पिछड़ गया है।
भारत का प्रदर्शन भुखमरी खत्म करने, लोगों को बेहतर स्वास्थ्य सुविधा देने में और साफ पानी, शौचालय सुविधा देने में बेहद कमजोर रहा है। SDG 8 सरकार के बेहतर कामकाज से जुड़ा है, जो कि Global Sustainable Development Report, 2022 के अनुसार सबसे बड़ी चुनौती बन गई है। सस्टेनेबल डेव्हलपमेंट सॉल्यूशन नेटवर्क (SDSN) के विशेषज्ञों द्वारा तैयार रिपोर्ट में सतत विकास लक्ष्यों को हासिल करने में भारत की प्रगति पर चिंता जताई गई है।

### 3. नासा शुक्र गृह के लिए लॉन्च करेगा देवीची मिशन



अमेरिकी अंतरिक्ष एजेंसी नासा ने बुधवार को शुक्र ग्रह के रहस्यों से पर्दा उठाने के लिए दो नए मिशनों की घोषणा की, जो पृथ्वी के "हॉटहाउस" पड़ोसी के वायुमंडल पता लगाने के लिए दशकों में पहला है. नासा के डिस्कवरी कार्यक्रम ने दो मिशनों के लिए पचास-पचास करोड़ डॉलर का बजट दिया है, जो 2028 और 2030 के बीच होगा. शुक्र के लिए अंतिम अमेरिकी नेतृत्व वाला मिशन 1978 में हुआ था.

यह घोषणा अंतरिक्ष एजेंसी के मंगल ग्रह पर सफल मिशन के बाद हुई है, जिसमें नासा का रोवर मंगल के सतह पर सफलतापूर्वक उतरा और नासा के छोटे रोबोट हेलिकॉप्टर इंजेन्युइटी ने मंगल ग्रह की सतह पर उड़ान भी भरी थी.

**शुक्र ग्रह पर क्यों जाना चाहता है नासा?**

नासा के नए प्रशासक बिल नेल्सन के मुताबिक, "इन दो मिशनों का उद्देश्य यह समझना है कि शुक्र कैसे एक भट्टी जैसी दुनिया बन गया, जिसकी सतह सीसा को पिघलाने में सक्षम है." उन्होंने कहा, "मिशन पूरे विज्ञान समुदाय को एक ऐसे ग्रह की जांच करने का मौका देंगे जिसपर हम 30 से ज्यादा सालों से नहीं गए हैं

." हालांकि मिशन का नेतृत्व नासा कर रहा है, जर्मन एयरोस्पेस सेंटर (डीएलआर) इन्फ्रारेड मैपर की आपूर्ति करेगा. इटली की स्पेस एजेंसी और फ्रेंच सेंटर नेशनल डी'ट्यूड्स स्पैटियल्स मिशन के लिए रडार और अन्य उपकरण मुहैया कराएंगे.

नासा के डिस्कवरी कार्यक्रम के मुख्य वैज्ञानिक टॉम वैगनर के मुताबिक, "यह आश्चर्यजनक है कि हम वास्तव में शुक्र के बारे में कितना कम जानते हैं. लेकिन इन मिशनों के संयुक्त परिणाम हमें ग्रह और उसके आकाश में बादलों से लेकर उसकी सतह पर ज्वालामुखियों के बारे में बता पाएंगे." वैगनर कहते हैं, "इन दो अंतरिक्ष मिशनों की मदद से इतनी जानकारी प्राप्त की जा सकती है कि यह लगभग शुक्र की दोबारा खोज जैसा होगा."

## 4. हिमाचल प्रदेश ड्रोन नीति-2022 को मंजूरी देने वाला देश का पहला राज्य बना



हिमाचल प्रदेश ड्रोन नीति तैयार)करने वाला देश का पहला राज्य है. इस नीति में ड्रोन के उपयोग से शासन एवं सुधार (गरूड़) के आधार पर एक समग्र ड्रोन ईको सिस्टम तैयार करने की परिकल्पना की गई है.

इसके माध्यम से सुदृढ़ आधारभूत संरचना, अनुसंधान एवं विकास, ड्रोन विनिर्माताओं और सेवा प्रदाताओं की बाजार तक पहुंच सुनिश्चित होगी. कैबिनेट मंत्री रामलाल मारकंडा ने कहा कि यह नीति पहाड़ी प्रदेश के दूरदराज और दुर्गम क्षेत्रों के लोगों के लिए लाभकारी सिद्ध होगी. मारकंडा ने कहा कि इससे युवाओं को रोजगार के द्वार खुलेंगे. शाहपुर आईटीआई से प्रशिक्षित युवाओं को ड्रोन लाइसेंस दिया गया है.

इसके अलावा प्रदेश में ड्रोन पार्क बनाने को लेकर भी कैबिनेट में चर्चा हुई है.कैबिनेट मंत्री ने कहा कि यह नीति मुख्य रूप से ड्रोन (Markanda on drone policy in Himachal) और ड्रोन-सक्षम प्रौद्योगिकी के निर्माण तथा लाइसेंस प्राप्त मानव शक्ति के पर केन्द्रित है और इसके लिए ड्रोन फ्लांइग प्रशिक्षण स्कूल स्थापित कर विभिन्न ड्रोन सम्बन्धित पाठयक्रमों के माध्यम से उनका कौशल विकास किया जाएगा.

राष्ट्रीय शिक्षा नीति-2020 और राष्ट्रीय कौशल योग्यता फ्रेमवर्क के माध्यम से भारत सरकार द्वारा भी इन्हें अन्तिम रूप दिया जा रहा है ताकि विद्यार्थियों को भविष्य के लिए तैयार किया जा सके. उन्होंने कहा कि राष्ट्रीय कौशल योग्यता फ्रेमवर्क से जोड़कर युवाओं को ड्रोन क्षेत्र से सम्बन्धित रोजगार के अवसरों का उपयोग करने के लिए सशक्त किया जाएगा.

## 5. राष्ट्रपति के चुनिंदा भाषणों वाली पुस्तक लोकतंत्र के स्वर और द रिपब्लिकन एथिक का विमोचन



केंद्रीय शिक्षा एवं कौशल विकास मंत्री धर्मेंद्र प्रधान ने बुधवार (Wednesday) को राष्ट्रपति के भाषणों के संकलन ‘लोकतंत्र के स्वर’ और अंग्रेजी संस्करण ‘द रिपब्लिकन एथिक’ के खंड चार का विमोचन किया. राष्ट्रपति भवन में आयोजित कार्यक्रम में केंद्रीय मंत्री धर्मेंद्र प्रधान ने बच्चों में बढ़ती विकृतियों का मुद्दा उठाते हुए कहा कि नई शिक्षा नीति में इसका समाधान है. उन्होंने कहा कि राष्ट्रपति ने राष्ट्रीय शिक्षा नीति को 21वीं सदी की जरूरतों के अनुरूप बताया है. राष्ट्रपति ने सब को समतुल्य शिक्षा प्रदान करने

की जरूरत बताई. देश में स्टार्ट-अप्स, यूनिकॉर्न की संख्या बढ़ती जा रही है.
उन्होंने कहा कि राष्ट्रपति भवन देश की 130 करोड़ जनता के लिए आस्था का मंदिर है. सामान्य घरों से आने वाले लोग आज देश के राष्ट्रपति और प्रधानमंत्री हैं. राष्ट्रपति ने गंगा को नदी नहीं, भारत के जीवन चरित्र में एक दर्पण बताया.
कार्यक्रम में केंद्रीय मंत्री अनुराग सिंह ठाकुर ने कहा कि प्रकाशन विभाग ने राष्ट्रपति के भाषणों के संकलन को प्रकाशित किया है. राष्ट्रपति के 38 भाषणों को 8 वर्गों में बांटा गया है. पुस्तक कई क्षेत्रों में राष्ट्रपति के विचारों को प्रस्तुत करती है. पुस्तक हमें विविध विषयों पर उनके प्रेरक विचारों से अवगत कराती है.

## 6. केंद्र सरकार ने राष्ट्रीय पुरस्कार पोर्टल किया का शुभारंभ




केंद्र सरकार ने विभिन्न मंत्रालयों, विभागों और एजेंसियों के विभिन्न पुरस्कारों की नामांकन प्रक्रिया को पारदर्शी बनाने और जन-भागीदारी सुनिश्चित करने के लिए राष्ट्रीय पुरस्कार पोर्टल की शुरूआत की है। सभी पुरस्कारों को एक डिजिटल प्लेटफॉर्म के अंतर्गत एक साथ लाने के लिए विकसित किया गया है।
पोर्टल का उद्देश्य नागरिकों को सरकार द्वारा स्थापित विभिन्न पुरस्कारों के लिए व्यक्तियों और संगठनों को नामांकित करने की सुविधा प्रदान करना है। गृह मंत्रालय ने एक वक्तव्य में कहा कि पद्म पुरस्कारों के नामांकन और संस्तुति के लिए पोर्टल इस वर्ष 15 सितंबर तक खुला रहेगा।
सरदार पटेल राष्ट्रीय एकता पुरस्कारों के लिए अगले महीने की 31 तारीख तक नामांकन किए जा सकते हैं। तेनजिंग नोर्गे राष्ट्रीय साहसिक कार्य पुरस्कार और पंडित दीनदयाल उपाध्याय टेलीकॉम स्किल एक्सीलेंस अवार्ड के लिए 16 जून तक नामांकन किया जा सकता है

## 7. ब्रिटेन में 'राइट टू रिपेयर' कानून, ताकि बिजली उपकरणों का इस्तेमाल 10 साल ज्यादा हो, इससे पर्यावरण की रक्षा होगी



विश्व के कई देशों में एक प्रभावी 'राइट-टू-रिपेयर' कानून को पारित करने का प्रयास किया जा रहा है।
इस आंदोलन की जड़ें 1950 के दशक में कंप्यूटर युग की शुरुआत से जुड़ी हुई हैं।
इस आंदोलन का लक्ष्य, कंपनियों द्वारा इलेक्ट्रॉनिक्स तथा अन्य उत्पादों के स्पेयर पार्ट्स, उपकरण तथा इनको ठीक करने हेतु उपभोक्ताओं और मरम्मत करने वाली दुकानों को आवश्यक जानकारी उपलब्ध करवाना है, जिससे इन उत्पादों का जीवन-काल बढ़ सके और इन्हें कचरे में जाने से बचाया जा सके।

**'राइट-टू-रिपेयर' (Right to Repair) :**

'राइट-टू-रिपेयर' एक ऐसे अधिकार अथवा कानून को संदर्भित करता है, जिसका उद्देश्य उपभोक्ताओं को अपने स्वयं के उपभोक्ता इलेक्ट्रॉनिक उपकरणों की मरम्मत करना और उन्हें संशोधित करने की अनुमति देना है, जहाँ अन्यथा ऐसे उपकरणों के निर्माता उपभोक्ताओं को केवल उनके द्वारा प्रस्तुत सेवाओं के उपयोग करने की अनुमति देते हैं।
'राइट-टू-रिपेयर' का विचार मूल रूप से अमेरिका से उत्पन्न हुआ था, जहाँ 'मोटर व्हीकल ओनर्स राइट टू रिपेयर एक्ट, 2012' किसी भी व्यक्ति को वाहनों की मरम्मत करने में सक्षम बनाने के लिये वाहन निर्माताओं को सभी आवश्यक दस्तावेज़ और जानकारी प्रदान करना अनिवार्य बनाता है।

## 8. अंकटाड ने जारी की वर्ल्ड इनवेस्टमेंट रिपोर्ट 2022




हाल ही में, 'संयुक्त राष्ट्र व्यापार एवं विकास अभिसमय' (United Nations Conference on Trade And Development – UNCTAD) या 'अंकटाड' (UNCTAD) द्वारा अपनी वार्षिक 'विश्व निवेश रिपोर्ट' जारी की गयी है। देश में 'प्रत्यक्ष विदेशी निवेश' (foreign direct investment – FDI) में 30% की गिरावट होने के बावजूद भारत सातवें स्थान पर है।

रिपोर्ट के प्रमुख बिंदु:

संयुक्त राज्य अमेरिका (367 अरब डॉलर) FDI का शीर्ष प्राप्तकर्ता बना रहा है।

FDI प्राप्तकर्ताओं की सूची में चीन (181 अरब डॉलर) और हांगकांग (141 अरब डॉलर) ने भी क्रमश: दूसरा और तीसरा स्थान बरकरार रखा है।

शीर्ष 10 एफडीआई प्राप्तकर्ता अर्थव्यवस्थाओं में, केवल भारत के अंतर्वाह में गिरावट देखी गयी है।

हालांकि, भारत से बाहिर्वाह एफडीआई (outward FDI) 2021 में 43 प्रतिशत से बढ़कर 15.5 अरब डॉलर हो गयी है।

## 9. फिच ने भारत की रेटिंग आउटलुक में किया सुधार, नकारात्मक से स्थिर किया




फिच रेटिंग्स ने शुक्रवार को भारत की सॉवरेन रेटिंग(India sovereign rating) आउटुलक में बदलाव किया है. इसने भारत की सॉवरेन सेटिंग निगेटिव से स्टेबल कर दिया है. क्योंकि तेजी से आर्थिक सुधार के कारण मध्यम अवधि के दौरान ग्रोथ में गिरावट का जोखिम कम हो गया है. फिच रेटिंग्स (Fitch Ratings) ने भारत की सॉवरेन रेटिंग को ‘BBB-‘ पर बरकरार रखा है. हालांकि, फिच ने चालू वित्त वर्ष के लिए भारत की आर्थिक वृद्धि दर के अनुमान को 8.5 परसेंट से घटाकर 7.8 परसेंट कर दिया.

हालांकि, फिच रेटिंग्स ने चालू वित्त वर्ष के लिए आर्थिक वृद्धि के अनुमान को घटाकर 7.8 प्रतिशत कर दिया है, जिसके पहले 8.5 प्रतिशत रहने की उम्मीद जताई गई थी. वैश्विक कमोडिटीज कीमतों में तेजी के कारण महंगाई बढ़ने के चलते यह कटौती की गई.

अप्रैल में, इसने पूर्वानुमान को 8.7 फीसदी से घटाकर 8 प्रतिशत कर दिया था और अब यह 7.5 फीसदी रहने का अनुमान है. 2021-22 के वित्त वर्ष में अर्थव्यवस्था में 8.7 फीसदी की बढ़त देखने को मिली थी.

भारतीय रिजर्व बैंक ने चालू वित्त वर्ष (2022-23) के लिए 7.2 फीसदी की आर्थिक वृद्धि दर के अनुमान को बरकरार रखा है. केंद्रीय बैंक ने कहा है कि शहरी मांग में सुधार देखने को मिला है, जबकि ग्रामीण मांग की स्थिति भी धीरे-धीरे बेहतर हो रही है, जिसके मद्देनजर उसने वृद्धि दर के अनुमान में बदलाव नहीं किया है. दास ने कहा, भारतीय अर्थव्यवस्था मजबूत बनी हुई है और केंद्रीय बैंक ग्रोथ को समर्थन देता रहेगा.

## 10. बिम्सटेक ने मनाई अपनी 25वीं वर्षगांठ




ढाका में बंगाल की खाड़ी के बहु-क्षेत्रीय तकनीकी और आर्थिक सहयोग पहल (बिम्सटेक) के सचिवालय ने बिम्सटेक दिवस पर क्षेत्रीय संगठन की 25वीं वर्षगांठ मनाई।

6 जून 1996 को बैंकॉक घोषणापत्र पर हस्ताक्षर से पिछले 25 वर्षों में बिम्सटेक का विकास, और 2014 में ढाका में सचिवालय की स्थापना और 30 मार्च, 2022 को कोलंबो में पांचवें शिखर सम्मेलन के दौरान बिम्सटेक चार्टर पर हस्ताक्षर जैसे मील के पत्थर पर प्रकाश डाला।

**ONE LINER**

भारतीय रिजर्व बैंक (आरबीआई) ने हाल ही में जिस बैंक पर 27 लाख रुपये से ज्यादा का जुर्माना लगाया है- पंजाब एंड सिंध बैंक

महाराष्ट्र राज्य वन्यजीव बोर्ड (MSBWL) ने हाल ही में वन्यजीव संरक्षण आंदोलन और पर्यावरण संरक्षण आंदोलन को बढ़ावा देने के लिए 12 नए संरक्षण भंडार और जितने वन्यजीव अभयारण्यों को मंजूरी दी है-3

फिच रेटिंग्स ने चालू वित्त वर्ष के लिए आर्थिक वृद्धि के अनुमान को घटाकर जितने प्रतिशत कर दिया है-7.8 प्रतिशत

रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह ने 09 जून 2022 को जिस देश को 12 हाई-स्पीड तटरक्षक नौकाएं सौंपी- वियतनाम

जिसे हाल ही में अंतर्राष्ट्रीय मुद्रा कोष के एशिया एवं प्रशांत विभाग के निदेशक के रूप में नियुक्त किया गया है- कृष्णा श्रीनिवासन

हाल ही में जिस राज्य सरकार ने ACB14400 ऐप लांच किया है- आंध्र प्रदेश

संयुक्त राष्ट्र ने जिस देश को चार महीने की अवधि में लगभग 48 मिलियन डॉलर की मानवीय सहायता प्रदान करने की योजना बनाई है- श्रीलंका

ग्लोबल एसडीजी पायनियर के रूप में मान्यता प्राप्त करने वाले पहले भारतीय जो बने है- रामकृष्ण मुक्काविल्ली

## QUIZ

1. तमिलनाडु के मुख्यमंत्री एम.के. स्टालिन (MK Stalin) द्वारा लांच किए गए 44वें शतरंज ओलंपियाड के आधिकारिक शुभंकर का नाम क्या है?
(a) विलो (Willow)
(b) थाम्बी (Thambi)
(c) मिराईतोवा (Miraitowa)
(d) लाइब (La'eeb)

2. प्रसार भारती के मुख्य कार्यकारी अधिकारी (सीईओ) के रूप में किसे अतिरिक्त प्रभार दिया गया?
(a) मयंक कुमार अग्रवाल
(b) शशि शेखर वेम्पति
(c) आलोक अग्रवाल
(d) अशोक कुमार टंडन

3. निम्न में से कौन सा देश आसियान विदेश मंत्रियों की विशेष बैठक 2022 की मेजबानी करेगा?
(a) मलेशिया
(b) म्यांमार
(c) फिलीपींस
(d) भारत

4. UNCTAD की विश्व निवेश रिपोर्ट 2022 के अनुसार, प्रत्यक्ष विदेशी निवेश (एफडीआई) के शीर्ष प्राप्तकर्ताओं में भारत का रैंक क्या है?
(a) पांचवां (b) छठा
(c) सातवां (d) आठवां

5. UNCTAD की विश्व निवेश रिपोर्ट 2022 के अनुसार प्रत्यक्ष विदेशी निवेश (एफडीआई) का शीर्ष प्राप्तकर्ता कौन है?
(a) यूके (b) चीन
(c) डेनमार्क (d) यूएसए

6. महात्मा गांधी राष्ट्रीय ग्रामीण रोजगार गारंटी योजना (मनरेगा) के तहत लोकपाल के रूप में किसे नियुक्त किया गया?
(a) एन.जे. ओझा
(b) रघुवंश प्रसाद सिंह
(c) रोहित कुमार
(d) शशि भूषण कुमार

7. निम्न में से किस भारतीय को यूएनजीसी द्वारा वैश्विक सतत विकास लक्ष्य (एसडीजी) के अग्रणी के रूप में मान्यता दी गई?
(a) विशाल वी. शर्मा
(b) विनय मोहन क्वात्रा
(c) रामकृष्ण मुक्काविल्ली
(d) श्रीनिवास दास

8. निम्न में से किस संस्थान ने 'बिजनेस ऑफ स्पोर्ट्स: द विनिंग फॉर्मूला फॉर सक्सेस' पुस्तक लॉन्च की?
(a) सिम्बायोसिस स्कूल ऑफ स्पोर्ट्स साइंसेज
(b) बोर्ड ऑफ कंट्रोल फॉर क्रिकेट इन इंडिया
(c) आईआईएम
(d) इंटरनेशनल इंस्टीट्यूट ऑफ स्पोर्ट्स मैनेजमेंट

9. निम्न में से किसे डब्ल्यूएचओ द्वारा क्षेत्रीय निदेशक विशेष मान्यता प्राप्त पुरस्कार से सम्मानित किया गया?

(a) तंबाकू नियंत्रण के लिए संसाधन केंद्र, पीजीआईएमईआर
(b) राष्ट्रीय तंबाकू नियंत्रण प्रकोष्ठ, एम्स (AIMS)
(c) जवाहरलाल नेहरू कैंसर अस्पताल एवं अनुसंधान केंद्र
(d) राष्ट्रीय मानसिक स्वास्थ्य एवं तंत्रिका विज्ञान संस्थान

10. बायोटेक स्टार्टअप एक्सपो - 2022 का विषय क्या है, जिसका उद्घाटन प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने नई दिल्ली के प्रगति मैदान में किया था?
(a) Biotech Startup Innovations: Towards AatmaNirbhar Bharat
(b) Biotech Startup Innovations: AatmaNirbhar Bharat Foot Steps
(c) Biotech Startup Innovations: Path to AatmaNirbhar Bharat
(d) Biotech Startup Innovations: Growth of AatmaNirbhar Bharat

The ACHIEVERS IAS ACADEMY